# जांच व सर्वे उपरांत तैयार होगा प्राक्कलन

## जल संसाधन विभाग के ईएनसी ने किया शाहगढ़ के लोवर चंदिया बांध का निरीक्षण, सुधार के निर्देश

**नवभारत न्यूज**

**सागर/शाहगढ़ 8 मार्च. बुंदेलखंड के सागर जिले के 100 वर्ष पुराने शाहगढ़ के लोवर चंदिया बांध का निरीक्षण करने मध्यप्रदेश शासन के जलसंसाधन विभाग के ईएनसी विनोद देवड़ा पहुंचे. निरीक्षण के दौरान उन्होने सुधार कार्य के निर्देश दिए हैं.**

मालूम हो कि पिछले वर्ष दिसंबर माह में ही राज्य बांध सुरक्षा संगठन के सदस्यों द्वारा डेम का निरीक्षण किया गया था और निरीक्षण के दौरान सुधार कार्य के निर्देश भी दिए गए थे. जिसके तारतम्य में ही जल संसाधन विभाग के ईएनसी और कार्यपालन यंत्री श्री बिल्थरे, बंडा एसडीओ जीएस चौधरी और



उलदन बांध के एसडीओ अनिरुद्ध आनंद उपस्थित रहे.

गत दिवस श्री देवड़ा ने लोवर चंदिया बांध के तकनीकी निर्देश देते हुए सुधार कार्य और प्राक्कलन बनाकर अनुमोदन भेजने के लिए कहा. जिसके तहत पहले सर्वे कार्य कराया जायेगा. जो कि दिल्ली की एजेंसी के माध्यम से ही हो सकेगा और सर्वे पर 42 लाख रुपए का खर्च आयेगा.

डेम के अंदर का सर्वे किया जाना है, चूंकि डेम 100 वर्ष से अधिक पुराना है जिसकी लाइफ लगभग समाप्त हो चुकी है. सर्वे में यह देखा जायेगा कि डेम के अंदर बॉडी स्टैंथ है कि नहीं, जांच और सर्वे के उपरांत ही प्राक्कलन तैयार हो सकेगा. जो कि आगामी मार्च-अप्रेल माह में संभव दिख रहा है.

बांध से निकली नहरें भी क्षतिग्रस्त हो जाने के कारण किसानों को लाभ नहीं मिल रहा है जो काम भी जरुरी है. जिसका 15 करोड़ रुपए का टैंडर भी निकल चुका था और सेक्सन के पूर्व कम्पलाइंस आ जाने के कारण उसको अभी रोकना पड़ा है. बांध की ऊंचाई को लेकर भी पूर्व में प्रयास किए गए हैं मगर वर्तमान में सर्वे कार्य के उपरांत ही तय हो सकेगा कि बांध की ऊंचाई बढ़ाई जाना है कि नहीं?

### पूर्व में भी खराबी आई

चंदिया जलाशय से निकलने वाली मुख्य नहर पूर्व में भी दो बार क्षतिग्रस्त हो गई थी. नहर टूटने से क्षेत्र के सैकड़ों किसानों के खेतों तक पहुंचने वाला सीजन का अंतिम सिंचाई जल अचानक बंद हो गया था. ग्रामीणों के अनुसार इस समय गेहूं, चना और मसूर जैसी फसलें अंतिम पानी पर निर्भर हैं, ऐसे में नहर टूटने से खेत सूखने लगे हैं और किसानों की चिंता बढ़ गई है. कई किसानों ने बताया कि यदि अगले कुछ दिनों में पानी की आपूर्ति बहाल नहीं हुई तो उपज पर सीधा असर पड़ेगा.

# कटरबाज ने ट्रेन से कटकर जान दी

## मकरोनिया थाना क्षेत्र में स्कूली छात्रा को कटर मारकर किया था घायल

**नवभारत न्यूज**

**सागर 8 मार्च. उपनगरीय क्षेत्र मकरोनिया थाना अंतर्गत सेमराबाग में बोर्ड परीक्षा के पश्चात घर की ओर जा रही स्कूली छात्रा को कटर मारकर गंभीर रूप से घायल करने वाले आरोपी युवक ने ट्रेन से कटकर जान दे दी. जिसका शव आज सुबह बरामद किया गया और पीएम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया.**

**गंभीर रूप से घायल छात्रा को बीएमसी में उपचार जारी**

**डॉक्टरों के अनुसार 100 से अधिक टांके लगाए गए**

मकरोनिया थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कल शनिवार को बोर्ड परीक्षा देकर घर की ओर जा रही 17 वर्षीय स्कूली छात्रा का रास्ता रोककर आरोपी युवक नीलेश पटेल उम्र 23 वर्ष ने पहले तो बहसबाजी की और फिर अचानक छात्रा पर कटर से वार करना शुरु कर दिया. वार भी एक नहीं अनेकों बार करने से गंभीर रुप से घायल छात्रा को बीएमसी में उपचार के लिए भर्ती कराया गया, जहां पर चिकित्सकों द्वारा बताए गए अनुसार स्कूली छात्रा के शरीर पर कटर के घाव के चलते 100 से अधिक टांके लगाए गए हैं. घटना स्थल से छात्रा के परिजनों को सूचना दी गई और बीएमसी पहुंचे परिजनों की रिपोर्ट पर आरोपी युवक के विरुद्ध जानलेवा हमले का प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया है.

आरोपी युवक की तलाश में पुलिस ने उसके परिजनों से भी पूछताछ शुरु की गई मगर देर रात्रि तक युवक का कोई सुराग नहीं मिला था. आरोपी युवक का मोबाइल भी बंद था. पुलिस के अनुसार आज रविवार को सुबह 5 बजे रेलवे के पुलिस कर्मियों द्वारा थाने को सूचित किया गया कि रजाखेड़ी रेलवे क्रॉसिंग के आसपास एक युवक का शव पड़ा है.

मौके पर पहुंची मकरोनिया पुलिस ने शव का पंचनामा बनाकर परिजनों की मौजूदगी में शिनाख्ती नीलेश पटेल के रुप में की गई जो कि स्कूली छात्रा को कटर मारने का आरोपी था. पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच ले लिया और शव का जिला चिकित्सालय में पोस्टमार्टम कराया गया. पोस्टमार्टम के उपरांत शव परिजनों को सौंप दिया. जिसके पश्चात अंतिम संस्कार किया गया.



# टमाटो केचप निर्माण एवं उद्यम विषय पर व्याख्यान

**नवभारत न्यूज**

**सागर 8 मार्च. शासकीय स्वशासी कन्या स्नातकोत्तर उतकृष्टता महाविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग द्वारा कौशल विकास नवाचार व शैक्षणिक गुणवतता के तत्वावधान में टमाटो केचप निर्माण एवं उद्यम विषय पर व्याख्यान आयोजित किया गया.**

विषय विशेषज्ञ डॉ. अनामिका दुबे द्वारा टमाटो केचप की विभिन्न विधियों के बारे में बताया. प्राचार्य डॉ. आनंद तिवारी ने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए प्रयास करते रहना चाहिये. कार्यक्रम में डॉ. बिन्दु श्रीवास्तव , डॉ. अंकित सूर्यवंशी, डॉ. अंसारी, डॉ. मनीषा शर्मा, डॉ. दुर्गेश नंदिनी गायकवाड़, कविता बागरी मौजूद थीं.


# तापमान के तीखे तेवर, पारा 37 .4

## चैत्र मास के प्रथम पखवाड़े में ही अधिकतम तापमान ऊंचाई छू रहा

**नवभारत न्यूज**

**सागर 8 मार्च. चैत्र मास के प्रथम पखवाड़े में ही अधिकतम तापमान ऊंचाईयों को छूने के लिए आतुर है. तापमान के तीखे तेवर के चलते होली के बाद से ही घरों में पंखे, कूलर निकलने लगे हैं.**

स्थानीय मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार आज रविवार का अधिकतम तापमान 37.4 डिसे रहा है. जो कि सामान्य से 6 अधिक है. तो वहीं बीती रात का न्यूनतम तापमान भी 20.2 डिसे रहा है जो सामान्य से 3 अधिक है. सुबह शाम की आर्द्रता का प्रतिशत 58 और 26 रहा है.



एक दिन पूर्व शनिवार को भी सागर का अधिकतम तापमान 37.2 था. जो कि पूर्वी मध्यप्रदेश में सर्वाधिक तापमान था. सामान्य से 5 अधिक था. मार्च माह के जलवायु लक्षण पर नजर डालें तो मार्च माह शीत ऋतु से ग्रीष्म ऋतु की ओर परिवर्तन का समय है. जिसमें तापमान दिन प्रतिदिन बढ़ता है. मौसम विभाग में उपलब्ध अभिलेख पर नजर डालें तो 28 मार्च 2024 को सागर का सबसे अधिकतम तापमान 41.6 डिसे रहा था. तो वहीं 3 मार्च 1998 को सबसे न्यूनतम तापमान 7.2 डिसे रहा था.

# होली मिलन समारोह में बुंदेली नृत्य की प्रस्तुति

**सागर.** मुख्यमंत्री आवास पर



आयोजित राज्य स्तरीय होली मिलन समारोह में डा. जुगल किशोर नामदेव के नेतृत्व में 35 सदस्यीय दल ने सहभागिता की एवं बुंदेली व ब्रज की छटा बिखेरी. उक्त दल में कुन्दूर्वा नामदेव के नेतृत्व में ब्रज की लठ मार होली मयूर नृत्य वा द फूलों की होली की व शेफाली पवार के नेतृत्व में बुंदेलखंड की बधाई नृत्य व अभिषेक सेन के नेतृत्व में बुंदेल खंड के पारंपरिक फाग गायन की प्रस्तुती की. कार्यकम में मयूर नृत्य व फूलो की होली के राधाश्रीकृष्ण की होली व मयूरे बने श्री कृष्ण ने अद्भुत छटा बिखेरी गई.

# महिला दिवस पर संगोष्ठी हुई



**नवभारत न्यूज**

**सागर 8 मार्च. श्री दिगंबर जैन महिला महासमिति द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर गोष्ठी व प्रतियोगिताएं आयोजित की गई.**

कार्यक्रम महासमिति संस्थापक अध्यक्ष संध्या सिंघई एवं समस्त पदाधिकारी के मुख्य आतिथ्य में दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया, पश्चात मीना जैन द्वारा मंगलाचरण किया गया. इसके बाद द्वादश वर्षीय पाठ्यक्रम पर आधारित विषय पर महिला दिवस के संदर्भ में संगोष्ठी आयोजित की गई एवं सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता भी हुई. निर्णायक मंडल में संगीता भायजी, ममता, कल्पना ही. इस दौरान रेखा जैन अहिंसा, अनीता विद्यासागर, आत्म ज्योति, शोभना, मनीषा, रितु, शोभा, रिया,मंजू, वंदना, वर्षा, सपना, माया,अंजू, नीतू, ऊषा, आशा, सपना, रंजना, संजना आदि सभी कालोनियों की बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं.

# ग्राम कंखर, बेलाई एवं बहना का निरीक्षण

**नवभारत न्यूज**

**सागर 8 मार्च. राज्य स्तरीय एनएचएम टीम द्वारा विकासखंड बीना के अंतर्गत ग्राम कंखर, बेलाई एवं बहना का निरीक्षण किया गया.**

इस दौरान स्टेट कोऑर्डिनेटर एनएचएम डॉ. शिखा तोमर एवं संभागीय कोऑर्डिनेटर श्री हुसैन खान द्वारा खंड चिकित्सा अधिकारी संजीव अग्रवाल, जागेश्वर राज बीसीएम के साथ क्षेत्र का भ्रमण किया गया. भ्रमण के दौरान विकासखंड में संचालित विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों जैसे दस्तक अभियान, आयरन प्रोग्राम,



तथा एनआरसी में भर्ती बच्चों की देखभाल एवं उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं का अवलोकन किया गया. टीम द्वारा क्रियान्वयन की स्थिति का जायजा लेते हुए संबंधित स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को निर्देश भी प्रदान किए गए. निरीक्षण के दौरान समुदाय स्तर पर बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण एवं एनीमिया नियंत्रण से संबंधित गतिविधियों की प्रगति की समीक्षा की गई तथा कार्यक्रमों को और अधिक प्रभावी ढंग से संचालित करने के निर्देश दिए गए.

# शुद्ध पेयजल की व्यवस्था कराई

**नवभारत न्यूज**

**खुरई 8 मार्च. भीषण गर्मी के दौरान आमजन, किसानों और राहगीरों को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से पूर्व मंत्री एवं विधायक खुरई भूपेंद्र सिंह की पहल पर बायपास चौराहे पर संपूर्ण ग्रीष्मकालीन अवधि में शुद्ध पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाएगी.**

श्री सिंह के निर्देशों के परिपालन में यह व्यवस्था विशेष रूप से उन ग्रामीण किसानों को ध्यान में रखते हुए की जा रही है, जो दूर-दराज के गांवों से भूसा विक्रय करने के लिए खुरई आते हैं. नगर पालिका परिषद खुरई के सीएमओ राजेश मेहतेले ने प्राप्त निर्देशों के परिपालन में संबंधित अमले को उक्त व्यवस्था को तत्काल लागू करने के निर्देश दिए हैं, साथ ही उन्होंने संपूर्ण ग्रीष्मकालीन अवधि में पेयजल व्यवस्था की निरंतर मॉनिटरिंग एवं सतत निगरानी सुनिश्चित करने के लिए भी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया है, ताकि किसी भी समय पेयजल की उपलब्धता में बाधा न आए. यह पहल शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराएगी, बल्कि इस मार्ग से गुजरने वाले राहगीरों, आसपास संचालित भूसा खरीदी केंद्रों पर कार्य करने वाले मजदूरों को भी राहत प्रदान करेगी.

# केशरवानी तरुण वैश्य सभा का शपथ ग्रहण

**नवभारत न्यूज**

**सागर 8 मार्च. केशरवानी तरुण वैश्य सभा द्वारा होली मिलन समारोह एवं नवनियुक्त पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह सदर में आयोजित किया गया.**

मुख्य अतिथि विधायक शैलेंद्र जैन तथा विशेष अतिथि नरयावली विधायक प्रदीप लारिया उपस्थित रहे. इस अवसर पर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य शैलेश केशरवानी एवं तरुण वैश्य सभा के प्रदेश अध्यक्ष विकास राहुल केशरवानी द्वारा केशरवानी समाज के लिए मंगल भवन निर्माण की मांग रखी गई.



विधायक शैलेंद्र जैन ने समाज को मंगल भवन निर्माण की स्वीकृति प्रदान करते हुए आश्वासन दिया कि शीघ्र ही केशरवानी समाज के लिए मंगल भवन का निर्माण कराया जाएगा. साथ ही उन्होंने केशरवानी समाज को पिछड़ा वर्ग में शामिल किए जाने की मांग को लेकर हर संभव प्रयास करने की बात कही. केशरवानी वैश्य सभा संरक्षक राजकमल केशरवानी ने कहा कि यदि यह मांग पूरी होती है तो संपूर्ण प्रदेश का केशरवानी समाज आभारी रहेगा. इस दौरान तरुण वैश्य सभा के प्रदेश अध्यक्ष विकास राहुल केशरवानी, सुरेश गुप्ता, वंदना गुप्ता केसरवानी, सुरेश केशरवानी, सुनीता गुप्ता,विनीता केशरवानी, विकास केशरवानी, सुभाष आढ़तिया, प्रहलाद केशरवानी, प्रीति केशरवानी, रूपेश केशरवानी मौजूद थे.




# लाइनमैन दिवस पर सम्मान

**नवभारत न्यूज**

**सागर 8 मार्च. विद्युत मंडल सागर वृत अंतर्गत लाइनमैन दिवस मनाया.**

मकरोनिया कैंपस स्थित सभागार में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अभियंता देवेंद्र कुमार ने कहा कि लाइनमैन हमेशा कठिन परिस्थितियों में भी कार्य में लगा रहता ह. प्रबंध संचालक के संदेश का वाचन अधीक्षण अभियंता चंद्ररेखा प्रभाकर ने किया. मीटर परीक्षण संभाग से गंगाराम मेहरा एवं राजपाल जाटव राहतगढ़ से अवधेश बमोरी रेगवा से राम ठाकुर जैसीनगर से किशनलाल नरयावली से वीरू मोतीलाल सिविल ऑफिस क्षेत्री भंडार कार्यालय संचालन संधारण संभाग के बीना खुरई सागर रहली बंडा से उत्कृष्ट कार्य करने वाले लाईनमैनों को सम्मानित किया गया. इस अवसर पर एसई श्रीमती शांति परते, डीई मनोज रोतेल, वीरेंद्र परते, प्रदीप साहू, आरएल पटेल, अजय नामदेव, नवीन मालवीय, अमित पोरवाल, डीपी प्रजापति, आईडी कुर्मी मौजूद थे.

# बीएमसी में देहदानी को गार्ड ऑफ ऑनर

**सागर.** बीएमसी के एनाटॉमी विभाग में ग्राम गिरवर निवासी स्व. भोलाराम लोधी के परिजनों द्वारा उनकी अंतिम इच्छानुसार उनके पार्थिव शरीर को चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान हेतु दान किया गया. उल्लेखनीय है कि स्व. श्री लोधी ने वर्ष 2016 में ही देहदान हेतु संकल्प पत्र भरा था. यह इस महाविद्यालय का पांचवां देहदान है जिसे 'गार्ड ऑफ ऑनर के साथ ससम्मान स्वीकार किया गया. डीन डॉ पीएस ठाकुर ने स्व. श्री लोधी के सुपुत्रों वीर सिंह, लखन सिंह, शंकर, राजकुमार एवं भागीरथ लोधी के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की. उन्होंने कहा कि समाज के लिए किया गया यह त्याग आने वाली पीढ़ी के डॉक्टरों के प्रशिक्षण और चिकित्सा विज्ञान की प्रगति में मील का पत्थर साबित होगा.

# स्वास्थ्य जागरुकता कार्यक्रम संपन्न

**नवभारत न्यूज**

**सागर 8 मार्च. इंडियन मेडिकल एसोसिएशन सागर शाखा और गर्ल्स डिग्री कॉलेज केतत्वावधान में कॉलेज परिसर में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर संगोष्ठी और स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया.**

आईएमए द्वारा 18-19 अप्रैल को महिलाओं के सशक्तिकरण एवं स्वास्थ्य विषय पर सम्मेलन भी आयोजित किया जा रहा है, जिसका शुभारंभ भी किया गया. कार्यक्रम में आईएमए अध्यक्ष डॉ. तल्हा साद ने युवा लड़कियों में पोषण की कमी और एनीमिया की समस्या पर विस्तार से प्रकाश डाला. उन्होंने बताया कि भारत में लगभग 50-60 प्रतिशत किशोरियां एनीमिया से ग्रस्त हैं, जिससे थकान, कमजोरी और




पढ़ाई में रुकावट आती है। इसका प्रमुख कारण आयरन और फोलिक एसिड की कमी है, जो मासिक धर्म के दौरान अधिक रक्तस्राव से और गंभीर हो जाती है. गुड़ को रोजाना भोजन में जोड़ने से आयरन की कमी स्वाभाविक रूप से पूरी हो सकती है. सरकारी अभियान 'एनीमिया मुक्त भारत' के अंतर्गत साप्ताहिक आयरन फोलिक एसिड गोली का सेवन करना चाहिए.

डॉ. तल्हा साद ने मासिक धर्म से जुड़ी समस्याओं पर भी चर्चा की. उन्होने कहा कि माता-पिता और शिक्षकों को संकेतों पर ध्यान देना चाहिए और समय रहते मदद लेनी चाहिए. राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत किशोर अनुकूल स्वास्थ्य क्लीनिक में गोपनीय सलाह उपलब्ध है. कार्यक्रम की सफलता में प्राचार्य डॉ. आनंद तिवारी, डॉ. प्रहलाद सिंह, अन्य शिक्षकों और छात्राओं की सक्रिय भागीदारी महत्वपूर्ण रही.

# कॉलोनी के खाली प्लॉट में खड़ी कार में लगी आग, जलकर खाक

**नवभारत न्यूज**

**सागर 8 मार्च. मोतीनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत अरिहंत विहार कॉलोनी में एक खाली प्लॉट में खड़ी कार में अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया. आग की लपटों में घिरकर कार पूरी तरह जलकर खाक हो गई.**

सूचना मिलने पर पुलिस और फायर फाइटर की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया. जानकारी के अनुसार अरिहंत विहार कॉलोनी के एक खाली पड़े प्लॉट में एक आई-20 कार पिछले कुछ दिनों से खड़ी हुई थी. अचानक कार से धुआं उठता देख आसपास के रहवासी मौके पर पहुंचे, देखते ही देखते आग भड़क गई और कार से तेज लपटें उठने लगीं. घटना की



सूचना तत्काल पुलिस और डायल-112 को दी गई. सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और नगर निगम से फायर फाइटर को बुलाया गया. दमकल कर्मचारियों ने मौके पर पहुंचकर कुछ देर की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक कार पूरी तरह जल चुकी थी. पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटना का पंचनामा बनाया है. आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है. वहीं कार किसकी है, इसकी जानकारी सामने नहीं आई है.

**सतोदय तीर्थ** | **आत्मशुद्धि और संयम ही जीवन का आधार : निर्यापक मुनिश्री सुधा सागर महाराज**

# राजसी वैभव छोड़ वैराग्य पथ पर चले युवराज आदि कुमार

**नवभारत न्यूज**

**ललितपुर 8 मार्च. सतोदय तीर्थ सेरोन पंचकल्याणक में निर्यापक श्रमणमुनि सुधासागर महाराज के ससंघ सानिध्य में तपकल्याणक में युवराज आदिकुमार ने राजसी वैभव त्याग कर वैराग्य की ओर कदम बढ़ाए तो उपस्थित धर्मालुजनों ने जयजयकारों के बीच अनुमोदना की.**

मुनि श्री ने कहा आत्मशुद्धि और संयम को जीवन का आधार है।



जीवन में अपने भावों को निर्मल बनाते हुए अच्छे कार्यों में में की ओर बढ़ो और संकल्पित हो कि बुरे आचरणों से बचेंगे. पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव में प्रभु अभिषेक शानिधारा के उपरान्त जन्मकल्याणक पूजन हुई. मध्यान्ह में महोत्सव स्थल अयोध्यापुरी नगरी में महाराज नाभिराय के आंगन में युबराज आदिकुमार की बारात निकाली गई. सत्येन्द्र शर्मा एण्ड पार्टी के भक्तिमय भजनों ने वातावरण को पूर्णतः धर्ममय बना दिया मुकुटवद्ध राजाओं द्वारा भेंट दी गई. इसी दौरान नीलांजना नृत्य के दौरान वैराग्य के भाव पूर्ण क्षण उस समय आया जब तपकल्याणक के दौरान दीक्षा विधि संपन्न हुई जिसमें राजसी वैभव का त्याग कर जब वालक तीर्थकर ने दिगंबर दीक्षा हेतु वैराग्य पथ पर कदम बढ़ाए और अपना राजपाट सौंपते हुए दीक्षा हेतु वन को प्रस्थान कर गए. इस दौरान प्रमुख रूप से महाराजा नाभिराय मरूदेवी मालती महेन्द्र सरार्फ, सौधर्म इन्द्र अनुपमा सतीश जैन बजाज, कुवेर सीमा सिंघई मनोज जैन, महायज्ञनायक सुमन विमल जैन, ममता अमित जैन, भरत चक्रवर्ती, विजय जैन, नीतेश जैन, राजा सोम, देवेन्द्र मंजू जैन राजा श्रयांस, पवन जैन ईशान इन्द, समता जैन आनंद जैन शामिल है.

# महिला अब सहभागी नहीं बल्कि निर्णयकर्ता

**नवभारत न्यूज**

**सागर 8 मार्च. अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर पद्माकर सभागार मोतीनगर में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया.**

इस अवसर पर सुप्रीम कोर्ट की वरिष्ठ अधिवक्ता दीपा तिवारी द्वारा महिलाओं को प्रमुखता से अपने स्वास्थ्य पर ध्यान देने की बात रखी. विधायक शैलेंद्र जैन ने कहा कि महिला न केवल घर बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर तक अनेक नई ऊंचाइयों को छू रही है. सांसद डॉ. लता वानखेड़े ने कहा कि द्वारा आज की महिला अब सहभागी नहीं बल्कि निर्णयकर्ता




की भूमिका में है. महापौर श्रीमती संगीता तिवारी ने महिलाओं को अपने जीवन शैली में सुधार के साथ शिक्षा, पोषण एवं मानसिक रूप से सशक्त होने पर जोर दिया. इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने पर महिलाओं को सम्मानित किया गया जिनमें नेहा जैन, श्रीमती रजनी बरोलिया, निशा पटेल, राजश्री दुबे, सारिका यादव, संतोष केसरवानी, लक्ष्मी पटेल, निशा परमार, सुषमा रजक, काजुल शांडिल्य को सम्मानित किया गया. कार्यक्रम का संचालन नेहा जैन एवं आभार कुलदीप चौबे द्वारा किया गया.